कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 19/04/2025

# गर्ल्स कॉलेज की जनभागीदारी समिति ने लिये सराहनीय निर्णय (मोर नोनी योजना को किया प्रोत्साहित)

शासकीय कन्या महाविद्यालय की नवगठित जनभागीदारी की प्रबंध समिति की प्रथम बैठक पिछले दिनों श्रीमती प्रीति साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय की प्रथम बैठक में सदस्यों ने जो सकारात्मक पहल कर अपनी उदारता का परिचय दिया इससे महाविद्यालय की प्रगति का एक नई दिशा मिलेगी।

लगभग तीन वर्षों बाद आयोजित समिति की इस बैठक की शुरूआत प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा सदस्यों के स्वागत से हुई। सभी सदस्यों का परिचय कराया गया। इसके उपरान्त महाविद्यालय की संक्षिप्त जानकारी दी गई तत्पश्चात् महाविद्यालय के विकास में जनभागीदारी समिति की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। डॉ. अग्रवाल ने आगे बताया कि समिति के समक्ष जनभागीदारी मद से संचालित होने वाले शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। समिति के सदस्यों को महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष अंकेक्षित करायी जाने वाली रिपोर्ट की भी जानकारी दी गई।

आज की बैठक में अध्यक्ष श्रीमती प्रीति साहू ने महाविद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की और हर संभव जनप्रतिनिधियों के माध्यम से महाविद्यालय की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होनें महाविद्यालय के पूर्व निर्णय एवं कार्यों का अनुमोदन करते हुए महाविद्यालय के लिये आवश्यकतानुसार सामग्री दो ए.सी. एवं दस पंखे क्रय करने की अनुमति भी प्रदान की।

बैठक की मुख्य विशेषता यह रही कि प्राचार्य ने महाविद्यालय की तात्कालिक जरूरतों में कक्षों की कमी, प्राध्यापकों का अभाव, छात्रावास की जीर्ण स्थिति, खेल मैदान के संधारण जैसी समस्यायें बतायी और महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की अनुमति चाही तो समिति के उद्योगपति सदस्य श्री आर.के. श्रीवास्तव द्वारा बड़ी सहजता से खेल मैदान के समतलीकरण हेतु आवश्यक सामग्री एवं 30 छात्राओं को प्रति छात्रा 1100/- की प्रोत्साहन राशि देने हेतु सहजता से अपनी स्वीकृति प्रदान की। इसी मौके पर डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने महाविद्यालय में जरूरतमंद छात्राओं हेतु संचालित मोर नोनी योजना की जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष लगभग एक लाख रूपये की राशि छात्राओं को प्रवेश शुल्क के रूप में उपलब्ध करायी जाती है। सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत श्री सुधीर अग्रवाल द्वारा जरूरतमंद छात्राओं को ट्रायसायकल एवं व्हीलचेयर जैसी जरूरत की सामग्री भी उपलब्ध करायी गई है। महाविद्यालय की इस पहल से प्रभावित होकर माननीय विधायक प्रतिनिधि श्री दिनेश नलेडो द्वारा तत्काल ग्यारह हजार रूपये की राशि इस कार्य हेतु उपलब्ध करायी गयी तथा अन्य सभी सदस्यों द्वारा भी प्रावीण्य सूची में अधिकतम अंक प्राप्त छात्राओं को स्वर्णपदक करने की स्वीकृति दी गई। सदस्य श्री मनीष कोठारी द्वारा आश्वत किया गया कि वे अपनी मेहन्दी लगाने की प्रोफेशनल कला से महाविद्यालय की छात्राओं को स्वालम्बी बनाने के लिए लगातार निःशुल्क कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे।

सदस्यों की ऐसी उदारता एवं सहृदयता के लिए प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा साधुवाद दिया गया। आज की बैठक में समिति के सदस्य श्री देवानन्द वर्मा, श्री अश्वनी कुमार, श्री मुकेश भारदीय, श्रीमती झरना वर्मा एवं श्री मोहित कुमार गजवानी भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से डॉ. अमिता सहगल, डॉ. के.एल.राठी एवं डॉ. लता मेश्राम विशेष रूप से उपस्थित रहें।


शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)

